भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4118
उत्तर देने की तारीख 18 अगस्त, 2025
27 श्रावण, 1947 (शक)

पेद्दापल्ली, तेलंगाना में खेल अवसंरचना

4118. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खेलो इंडिया योजना के आरंभ से इसके अंतर्गत पेद्दापल्ली, तेलंगाना में स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी धनराशि आबंटित, जारी की गई और प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार को तेलंगाना राज्य सरकार से नई अवसंरचना परियोजनाओं के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं अथवा उक्त योजना के अंतर्गत तेलंगाना राज्य को लंबित निधियां जारी करने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई, परियोजना के निष्पादन और निधि संवितरण की समय-सीमा सहित ऐसे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) तेलंगाना राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि तथा उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।.

(ख) और (ग) जी, हाँ। खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना के निर्माण और उन्नयन" घटक के अंतर्गत, इस मंत्रालय को तेलंगाना राज्य सरकार से निम्नलिखित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं::

i) रायगिरि गांव, भुवनगिरि मंडल, यादाद्री भुवनगिरि जिले में बहुउद्देशीय खेल परिसर (स्टेडियम) का निर्माण;
ii) यदाद्री भुवनगिरी जिले के भोंगिर में स्विमिंग पूल (सभी मौसम के लिए) का निर्माण;
iii) रायगिरि गांव, भुवनगिरि मंडल, यादाद्री भुवनगिरि जिले में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक (400 मीटर, 8 लेन) बिछाना;
iv) पलामुरु विश्वविद्यालय परिसर, महबूबनगर में फेंसिंग, गैलरी, शौचालय आदि के साथ सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक (8 लेन) का निर्माण;
v) सातवाहन विश्वविद्यालय, मलकापुर रोड, करीमनगर में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण;
vi) तेलंगाना स्पोर्ट्स स्कूल, हकीमपेट, थुमकुंटा, मेडचल मल्काजगिरी जिले में तीरंदाजी रेंज का विकास;
vii) हैदराबाद के एल.बी. स्टेडियम में स्क्वैश कोर्ट का निर्माण;
viii) केआईएससीई, तेलंगाना स्पोर्ट्स स्कूल, हाकिमपेट, थुमकुंटा, मेडचल मलकाजगिरी जिले में सिंथेटिक हॉकी मैदान का विकास;
ix) हैदराबाद के गाचीबोवली स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हॉकी ग्राउंड 1 का नवीनीकरण;
x) एल.बी. स्टेडियम, हैदराबाद में प्राकृतिक फुटबॉल मैदान का विकास;
xi) एल.बी. स्टेडियम, हैदराबाद में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक (4 लेन) बिछाना; और
xii) महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, नलगोंडा में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक (400 मीटर) बिछाना

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता के लिए उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के अंतर्गत धनराशि की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है। स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा, स्वीकृति की तिथि से दो वर्ष है। परियोजनाओं के क्रियान्वयन की ज़िम्मेदारी अनुदान प्राप्तकर्ता की होती है। इसके अतिरिक्त, इस विभाग की स्कीमों के अंतर्गत धनराशि विभिन्न मानदंडों, जैसे उपयोग प्रमाणपत्र (यूसी) और अन्य संबंधित दस्तावेज़ों की प्राप्ति के आधार पर जारी की जाती है।

******